# आकाशवाणी शिमला

## 05.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945 बजे

**मुख्य समाचार**

- केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा– भाजपा की नीतियों से ही प्रदेश में हुआ औद्योगिक विकास।
- लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों में आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी– भाजपा ने कई स्थानों पर आयोजित किए पन्ना प्रमुख सम्मेलन।
- केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह कल– राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रदान करेंगी पदक व डिग्रियां।
- धर्मशाला में आई.पी.एल. क्रिकेट मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने पंजाब किंग्स को 28 रनों से हराया।

**अनुराग ठाकुर**

भाजपा के वरिष्ठ नेता व केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि भाजपा की नीतियों से ही प्रदेश में औद्योगिक विकास हुआ है और लाखों लोगों को रोज़गार मिला है। नालागढ़ में एक जनसभा के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में रेल और सड़कों का विकास भी भाजपा की ही देन है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा इन लोकसभा चुनावों में विकास को आधार बनाकर जनता के बीच उतरी है जबकि कांग्रेस केवल भय और भ्रम फैलाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गठबंधन में सभी नेताओं का एक दूसरे पर विश्वास खत्म हो चुका है और सभी अपनी ढपली अपना राग अलाप रहे हैं। अनुराग सिंह ठाकुर ने दावा किया कि वर्ष 2014 और 2019 की तरह भाजपा इस बार भी प्रदेश में चारों संसदीय सीटों पर जीत दर्ज करेगी और 4 सौ से अधिक सीटें जीतने के साथ नरेन्द्र मोदी एकबार फिर देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में आज़ादी के समय से चल रहे मुद्दों को हल करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में दशकों की मांगें और अपेक्षाएं पूरी हुई हैं। नालागढ़ में आज भाजपा के पन्ना प्रमुख सम्मेलन में उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों में 35 लाख 30 हज़ार 3 सौ 46 करोड़ रूपए देशवासियों के खाते में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के तहत पहुंचाया गया है। प्रदेश की चर्चा करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है और उद्योगपतियों को परेशान करने के लिए अराजकता चल रही है।

**मुख्यमंत्री**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में खरीद–फरोख्त की राजनीति शुरू कर भाजपा ने गलत संस्कृति की शुरूआत की है। सोलन ज़िले में कसौली विधानसभा क्षेत्र के पट्टा बरौरी में एक चुनावी जनसभा में उन्होंने कहा कि अब इस तरह की राजनीति पर पूर्णविराम लगाने की ज़िम्मेदारी प्रदेश के मतदाताओं की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि खरीद–फरोख्त की राजनीति नहीं रोकी गई तो ये आगे भी चलती रहेगी। उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई नशा, खनन और भूमाफिया के खिलाफ है और वे प्रदेश के हितों की हर हाल में रक्षा करेंगे।

**अग्निहोत्री**

दूसरी ओर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता व उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव पूरी गंभीरता से लड़ रही है और परिणाम भी कांग्रेस के पक्ष में ही

आएंगे। ऊना ज़िले के घालुवाल में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर वर्ग के कल्याण की दिशा में काम किया जा रहा है और कर्मचारियों की मांगें भी पूरी की जा रही हैं।

**सम्मेलन**

प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव व 6 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए सरगर्मियां लगातार तेज़ हो रही हैं। इसी कड़ी में भाजपा ने आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के बनूटी में पन्ना प्रमुख सम्मेलन का आयोजन किया। इस अवसर पर पार्टी की वरिष्ठ नेता व केन्द्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि देश में 2014 से पहले संसद और विधानसभाओं में कई प्रोजेक्ट पास किए जाते थे लेकिन उन पर काम नहीं होता था। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने के बाद कांग्रेस के वायदों को भी पूरा किया है।

बाद में शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बदला–बदली की भावना से कार्य कर रही है और पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में शुरू की गई योजनाओं को बंद किया गया है। मीनाक्षी लेखी ने कहा कि वर्तमान कार्यकाल में प्रदेश सरकार ने अब तक 25 हज़ार करोड़ रूपए का ऋण लेकर पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

**राजीव बिंदल**

दूसरी ओर भाजपा ने आज शिमला संसदीय क्षेत्र के शिलाई में भी पन्ना प्रमुख सम्मेलन का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने हमेशा विभाजन कर देश पर राज किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में भी कांग्रेस महिलाओं, युवाओं और किसानों के अलावा जनता से 3 सौ यूनिट मुफ्त बिजली का झूठा वायदा कर सत्ता में आई है।

**ब्लॉक कांग्रेस**

लोकसभा चुनाव को लेकर कसुम्पटी ब्लॉक कांग्रेस की बैठक आज शिमला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पार्टी नेता व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने राज्य सरकार के 15 महीने के कार्यकाल की उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाने पर बल दिया। अनिरूद्ध सिंह ने आरोप लगाया कि पिछले कार्यकाल के दौरान भाजपा सांसद ने शिमला संसदीय क्षेत्र में कोई विकास कार्य नहीं करवाए हैं, ऐसे में इन चुनावों में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत तय है।

**चुनाव**

प्रदेश में पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव और विधानसभा उप चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियां सक्रिय हो गई हैं। ऐसे में दोनों प्रमुख दलों भाजपा व कांग्रेस के नेता लगातार चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। मतदान में अब एक महीने से भी कम समय रह गया है। निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव को लेकर सात मई को अधिसूचना जारी की जाएगी और इसी दिन से नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू होगी जो 14 मई तक चलेगी। अगले दिन 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी और इच्छुक उम्मीदवार 17 मई तक नाम वापिस ले सकेंगे।

**दीक्षांत समारोह**

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय का सातवां दीक्षांत समारोह कल राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में मनाया जाएगा। समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफैसर सत प्रकाश बंसल ने बताया कि दीक्षांत समारोह को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल सहित अन्य गणमान्य लोग समारोह में मौजूद रहेंगे। इस

समारोह में विभिन्न विभागों के 30 मेधावियों को स्वर्ण पदक, 11 शोधार्थियों को डॉक्टरेट की उपाधि जबकि कुल 7 सौ 9 विद्यार्थियों को डिग्रियां आबंटित की जाएंगी।

**डीसी कांगड़ा**

इस बीच, राष्ट्रपति के आगामी कल कांगड़ा ज़िले के एक दिवसीय दौरे को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय प्रबंधन को भी प्रोटोकॉल की अनुपालना के लिए ज़रूरी दिशा–निर्देश दिए गए हैं।

**महानाटी**

कुल्लू में ज़िलास्तरीय सैंज मेले के तीसरे दिन स्वीप अभियान के तहत आज महानाटी का आयोजन किया गया। इस महानाटी में पारंपरिक वेशभूषा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने नाटी के माध्यम से लोगों से मतदान करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपायुक्त तोरूल एस. रवीश ने उपस्थित लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई और मतदाता जागरूकता के तहत हस्ताक्षर अभियान का भी शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष मतदान निर्वाचन एक अनिवार्य शर्त है।

**क्रिकेट मैच**

दूसरी ओर, स्वीप कार्यक्रम के तहत मण्डी में डी.सी. इलैवन और एस.पी. इलैवन के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच खेला गया। मैच शुरू होने से पहले सभी खिलाड़ियों को एक जून को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। मण्डी के ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि चुनाव में मतदाताओं की शत–प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित बनाने के लिए पूरे ज़िले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने एक जून को सभी से बढ़–चढ़ कर मतदान प्रक्रिया में भाग लेने का आह्वान किया।

**आई.पी.एल.**

धर्मशाला में आज खेले गए आई.पी.एल. क्रिकेट मुकाबले में चेन्नई सुपरकिंग्स ने पंजाब किंग्स को 28 रनों से हरा दिया है। चेन्नई सुपरकिंग्स ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट पर एक सौ 67 रन बनाए। इसके जवाब में पंजाब किंग्स की पूरी टीम 20 ओवरों में 9 विकेट पर एक सौ 39 रन ही बना सकी। चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से रविन्द्र जडेजा ने सर्वाधिक 3 विकेट हासिल किए। धर्मशाला में ही इस आई.पी.एल. संस्करण का दूसरा मैच 9 मई को पंजाब किंग्स और रॉयल चैंलेंजर्स बैगलुरू के बीच खेला जाना है।

**परिसंवाद**

हमीरपुर ज़िले में ठाकुर राम सिंह इतिहास शोध संस्थान नेरी में हिमाचल की सांस्कृतिक धरोहर पर दो दिवसीय राष्ट्रीय परिसंवाद आज संपन्न हो गया। समापन समारोह में एन.आई.टी. के निदेशक प्रोफैसर हीरा लाल मुरलीधर सूर्यवंशी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। इस परिसंवाद में देशभर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से करीब एक सौ 30 लेखकों, शोधार्थियों व विद्यार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए।